बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड
नियम और शर्तें

1. परिभाषा :

इस दस्तावेज़ में निम्नलिखित शब्दों और वाक्यांशों का वह अर्थ है, जो उनके सामने दर्शाया गया है, जब तक कि संदर्भ अन्यथा उल्लेख नहीं करता हो :

बैंक का तात्पर्य बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बीओबी) से है, जो कि एक बैंकिंग कंपनी है, जिसका अन्य शाखा/ कार्यालय के साथ-साथ प्रधान कार्यालय, बड़ौदा भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा - 390006, गुजरात, भारत में स्थित है और कॉर्पोरेट कार्यालय, बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051 में स्थित है.

खाता का तात्पर्य बैंक के पास उपलब्ध बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा के अंतर्गत शामिल उपयोगकर्ता के बचत और / या चालू खाते और / या नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट, ऋण खाते और / या किसी अन्य प्रकार के खाते से है.

नियम का तात्पर्य इस दस्तावेज़ में दर्शाये गए बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन के उपयोग के लिए विस्तृत नियम और शर्तों से है.

<u>रिटेल उपयोगकर्ता के लिए</u>

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा बैंक की फ्रंट एंड पोर्टल सेवा है, जो रिटेल उपयोगकर्ताओं के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है, अर्थात् एलआरएस के तहत आउटवर्ड धन प्रेषण, परिवार के रखरखाव के लिए इनवर्ड धन प्रेषण आदि, अलर्ट, रिपोर्ट और अन्य सुविधाएं जो बैंक समय-समय पर उपलब्ध कराने का निर्णय लेता है.

उपयोगकर्ता का तात्पर्य बैंक के बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा का लाभ उठाने वाले किसी भी वैयक्तिक उपयोगकर्ता से है और ऐसे उपयोगकर्ता को रिटेल उपयोगकर्ता के रूप में निर्धारित किया जाता है.

<u>कॉर्पोरेट उपयोगकर्ता के लिए</u>

बड़ौदाइंस्टा ग्राहक पोर्टल सुविधा बैंक का फ्रंट एंड पोर्टल है, जो कॉर्पोरेट ग्राहकों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है जैसे कि विभिन्न स्थानों और डिवीजनों में कॉर्पोरेट के व्यापार वित्त लेनदेन अनुरोधों को शुरू करना, आयात साख पत्र (लेटर ऑफ क्रेडिट) जारी करने संबंधी अनुरोध, किसी भी विदेशी मुद्रा आउटवर्ड धन प्रेषण को लागू करने का अनुरोध, लादान-पूर्व और लादानोत्तर वित्त अनुरोध, बैंक गारंटी जारी करने का अनुरोध, आदि और अन्य सुविधाएं जो कि बैंक समय-समय पर उपलब्ध कराने का निर्णय लेता है.

उपयोगकर्ता का तात्पर्य वैयक्तिक उपयोगकर्ता के इतर अन्य व्यक्ति यथा बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा वाले एकल स्वामित्व, साझेदारी, पब्लिक लिमिटेड कंपनियां, निजी कंपनियां, एचयूएफ, सहकारी समितियां, क्लब, एसोसिएशन, ट्रस्ट और कोई अन्य कॉर्पोरेट संस्था से है और ऐसे उपयोगकर्ता को कॉर्पोरेट उपयोगकर्ता के रूप में निर्धारित किया जाता है. उपयोगकर्ताओं में सिस्टम प्रशासक (कों) और किसी भी ग्राहक के कर्मचारी, एजेंट, प्रतिनिधि शामिल हैं, जिन्हें ग्राहक की ओर से ऑनलाइन अनुरोध शुरू करने के लिए सिस्टम प्रशासक द्वारा समय-समय पर नियुक्त किया गया हो.

2. शर्तों की प्रयोज्यता:

ये शर्तें उपयोगकर्ता और बैंक के बीच करार करती हैं. प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं को एक्सेस और उपयोग करने हेतु बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड के लिए आवेदन करते ही उपयोगकर्ता इन शर्तों को स्वीकार करता है. ये शर्तें उपयोगकर्ता के किसी भी खाते और/ या बैंक और ग्राहक के बीच निष्पादित किसी भी करार से संबंधित नियम और शर्तों को पालन करने के अतिरिक्त होंगी.

3. ए) बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा के लिए आवेदन:

बैंक अपने स्वविवेक से चुनिंदा ग्राहकों को बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा दे सकता है. उपयोगकर्ता को चालू विधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता होना अपेक्षित है या इंटरनेट का एक्सेस होना चाहिए और इंटरनेट की कार्यप्रणाली का ज्ञान होना चाहिए. बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड के लिए आवेदन पत्र बैंक ऑफ़ बड़ौदा की किसी भी शाखा से प्राप्त किया जा सकता है या बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है. उक्त फार्म उपयोगकर्ता द्वारा विधिवत भरकर हस्ताक्षरित किया जाए और अपनी संबंधित बॉब शाखा को प्रस्तुत किया जाए. बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा के लिए बैंक के निर्धारित आवेदन प्रारूप में अनुरोध प्राप्त होने और बैंक द्वारा समय –समय पर स्थापित किए गए मानदंड के अनुसार संतोषजनक पाए जाने के बाद बैंक द्वारा उपयोगकर्ता को बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड का एक्सेस प्रदान किया जाएगा. उपयोगकर्ता बैंक के कंप्यूटर पर स्टोर की गई खाता संबंधी सूचना जो उसके खाते से संबंधित न हो और/ अथवा गैर कानूनी और/या दुरूपयोग के उद्देश्य के लिए एक्सेस नहीं करेगा और न ही किसी अन्य को इसके लिए अनुमति देगा. यदि ऐसा किया गया और साबित हुआ तो कानून के अंतर्गत उचित कार्रवाई की जाएगी और बड़ौदाइंस्टा ट्रेड की सुविधा को वापस ले लिया जाएगा.

बी) अनुदेश :

बैंक उपयोगकर्ता को बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड ऐप्लिकेशन के संचालन के लिए उपयोगकर्ता को सभी अनुदेश उपलब्ध करवाएगा. उपयोगकर्ता बैंक को दी गई सूचना की स्पष्टता और वैधता के लिए उत्तरदायी भी होगा और उक्त को बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा के संचालन के लिए पर्याप्त माना जाएगा. बैंक को स्वतंत्र रूप से निर्देशों के सत्यापन की आवश्यकता नहीं है और एक बार दिए गए निर्देश तब तक के लिए प्रभावी रहेंगे जब तक अतिरिक्त निर्देशों के द्वारा उसे प्रत्यादेशित न किया जाए. यदि बैंक प्रारंभिक अनुदेशों के कार्यान्वयन को रोकने अथवा बाधित करने में सक्षम नहीं होता है या असफल होता है तो उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी. जहां बैंक अनुदेशों को तर्कसंगत अथवा विरोधाभासी मानता है तो वह उपयोगकर्ता से स्पष्टीकरण की मांग कर सकता है या जैसा भी उचित समझे कार्रवाई कर सकता है.

4. सॉफ्टवेयर:

बैंक समय –समय पर इंटरनेट सॉफ्टवेयर जैसे ब्राउज़र के बारे में सूचित करेगा जो बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड ऐपलिकेशन के लिए आवश्यक हो. इस इंटरनेट सॉफ्टवेयर के सभी वर्ज़न को सपोर्ट करने के लिए बैंक पर कोई जिम्मेदारी नहीं होगी. उपयोगकर्ता समय – समय पर अपने सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, परिचालन प्रणाली को अपनी लागत पर अद्यतन करेगा और बैंक उपयोगकर्ता के सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, परिचालन प्रणाली को सपोर्ट करने के लिए किसी भी प्रकार से बाध्य नहीं होगा और यह उपयोगकर्ता की स्वयं की जिम्मेदारी होगी.

5. संयुक्त खाते:

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा ली जा सकती है.

रिटेल ग्राहक

1. वैयक्तिक
2. स्वयं, उत्तरजीवी या दोनों में से कोई एक के अनुदेश के साथ संयुक्त खाताधारक
3. कोई भी एक अथवा उत्तरजीवियों या उत्तरजीवी खंड

कार्पोरेट ग्राहक

1. एकल स्वामित्व
2. कार्पोरेट निकाय (पब्लिक लिमिटेड कं. , प्राइवेट लिमिटेड कं. आदि.)
3. पार्टनरशिप फर्म
4. हिन्दू अविभक्त परिवार (एचयूएफ)
5. न्यास
6. क्लब
7. एसोसिएशन
8. को-ओपरेटिव सोसायटियां

रिटेल ग्राहकों के लिए

जो ग्राहक बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा को लेने के लिए इच्छुक है उसे इस तथ्य के बावजूद कि संयुक्त खाते जो उत्तरजीवी अथवा दोनों में से कोई एक / कोई भी अथवा उत्तरजीवियों / उत्तरजीवी द्वारा परिचालित किए जाते हैं, एक एकल हस्ताक्षरी को स्वतंत्र रूप से बड़ौदाइंस्टा पोर्टल खाते के संचालन के लिए प्राधिकृत करना चाहिए. उक्त बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड उपयोगकर्ता को सभी खाताधारकों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित इस आशय का आवश्यक प्राधिकार प्रस्तुत करना चाहिए, कि सामान्य रूप में परिचालन अनुदेशों के अनुसार खाते का परिचालन किसे करना होगा.

कॉर्पोरेट ग्राहक के लिए:

- कॉर्पोरेट ग्राहक जो बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें कॉर्पोरेट के पदानुक्रम में निर्धारित किए गए व्यक्तियों को उचित शक्तियां प्रदान करनी चाहिए जिन्हें कॉर्पोरेट उपयोगकर्ता के रूप में बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन में देखने, लेनदेन और कॉर्पोरेट की ओर से बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट

ट्रेड एप्लिकेशन पर लेनदेन अनुमोदन करने के लिए लॉग-इन का अधिकार दिया गया है. तदनुसार, संबंधित कॉर्पोरेट द्वारा बैंक को कॉर्पोरेट की ओर से बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन के प्रयोग हेतु उपयोगकर्ता के लिए वर्कफ्लो के साथ, प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित आवश्यक प्राधिकार-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

- कॉर्पोरेट निकायों को निदेशक मंडल द्वारा पारित आवश्यक विशेष संकल्प प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना चाहिए और बैंक को इस बारे में भी संतुष्ट करना चाहिए कि उक्त प्राधिकार कानून के मानदंडों और ज्ञापन और आर्टिकल ऑफ़ एसोसिएशन अधीन है.

- साझेदारी फर्म, संयुक्त धारकों और अन्य श्रेणियों के मामले में बैंक द्वारा निर्धारित ऐसे प्रारूपों में आवश्यक धोषणा प्रस्तुत की जानी चाहिए.

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन के उपयोग से उत्पन्न होने वाले सभी लेनदेन संयुक्त रूप से और पृथक रूप से खाताधारक के लिए बाध्यकारी होंगे. ऐसी स्थिति में बैंक ऐसे खाताधारकों द्वारा व्यय किए गए या कथित रूप से व्यय किए गए किसी भी नुकसान/हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

6. नाबालिगों के नाम पर खाते:

खुदरा उपयोगकर्ता के लिए: नाबालिगों की ओर से खोले गए खातों के मामले में, नैसर्गिक अभिभावक खाते के परिचालन से संबंधित सभी निर्देश देने का कार्य करेंगे और नाबालिग के साथ उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड साझा नहीं करने का वचन देंगे, ऐसा करने पर, जोखिम और इसके परिणाम अभिभावक के ही होंगे और बैंक उस खाते में किसी भी नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं होगा. यदि खाता नाबालिग द्वारा संचालित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में लेन-देन को अभिभावक द्वारा ही किया गया माना जाएगा.

7. सुरक्षा:

बैंक बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन के अनधिकृत एक्सेस को रोकने तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 128 बिट सुरक्षित सॉकेट लेयर, जो कि इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के लिए उच्चतम स्तर की सुरक्षा है, को उपयोग करते हुए उपयुक्त और समुचित सावधानी बरतता है.

8. पासवर्ड:

उपयोगकर्ता निम्नलिखित को स्वीकार करता है और बिना किसी शर्त के अपनी सहमति देता है:

i) खाताधारक के आवेदन के अनुमोदन के बाद, ग्राहक को बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन का उपयोग करने के लिए एक कॉर्पोरेट आईडी / उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड आवंटित किया जाएगा.

ii) उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड बैंक द्वारा अलग-अलग ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर भेजे जाएंगे.

iii) इस प्रकार भेजे गए पासवर्ड की जानकारी बैंक कर्मचारियों सहित किसी को नहीं होती है.

iv) पहली बार बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन में लॉगिन करने पर, उपयोगकर्ता को संबंधित विकल्प के माध्यम से बैंक द्वारा निर्दिष्ट पासवर्ड को अनिवार्य रूप से बदलना होगा. उपयोगकर्ता अपने जोखिम और परिणामों पर जितनी बार हो सके पासवर्ड बदलने के लिए स्वतंत्र है. उपयोगकर्ता पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा और बैंक किसी भी तरह से अधिकृत उपयोगकर्ता के अलावा किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त पासवर्ड के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

v) बैंक उपयोगकर्ता आईडी / पासवर्ड के दुरुपयोग / अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरूप उपयोगकर्ता के किसी नुकसान सहित किसी भी दायित्व के संबंध में जिम्मेदार नहीं होगा.

vi) यदि उपयोगकर्ता पासवर्ड भूल जाता है, तो पासवर्ड को रीसेट करने के लिए पासवर्ड भूल जाने और सुरक्षा प्रश्नों का उत्तर देने या बैंक से पंजीकृत ई-मेल या लिखित अनुरोध के माध्यम से अनुरोध करने जैसे विकल्पों का उपयोग करके एक नया पासवर्ड रीसेट किया जा सकता है. ऐसे परिवर्तनों को नए अनुबंध की शुरूआत के रूप में नहीं माना / समझा जाएगा. बैंक ऐसी स्थिति में उचित समय के भीतर नया पासवर्ड प्रदान करेगा. हालांकि, ऐसे समय तक किसी भी लेन-देन को प्रभावित नहीं किया जाएगा.

9. प्रभार:

बैंक के पास बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा के तहत कोई भी सेवा प्रदान करने के लिए प्रभार, यदि तय किया गया हो, लगाने और उपयोगकर्ता से वसूलने का अधिकार सुरक्षित है. उपयोगकर्ता एतदद्वारा बैंक को नियत अवधि के भीतर भुगतान करने के लिए उपयोगकर्ता के किसी एक खाते को नामे करके सेवा प्रभार वसूलने के लिए अधिकृत करता है. हालांकि, वर्तमान में बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सेवाओं के उपयोग के लिए ग्राहकों से कोई प्रभार नहीं लिया जाता है. विप्रेषण/ एलसी और बीजी जारी करने हेतु प्रोसेसिंग प्रभार, डाक, कुरियर प्रभार, विदेशी मुद्रा परिवर्तन पर जीएसटी आदि संबंधी प्रभार ग्राहक द्वारा वहन किए जाते हैं.

10. पत्राचार पता:

बैंक द्वारा कोई भी पत्राचार / अनुदेशों की सुपुर्दगी या उनका संप्रेषण केवल बैंक में पंजीकृत सामान्य डाक पते और / या ई-मेल पते और / या मोबाइल नंबर पर भेजे जाएंगे. उपर्युक्त की प्राप्ति नहीं होने पर बैंक किसी भी प्रकार से ज़िम्मेदार नहीं माना जाएगा.

11. लेनदेन की प्रोसेसिंग:

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड के माध्यम से किए गए सभी लेनदेन पोर्टल में उपलब्ध होंगे.

यदि साप्ताहिक बंद / छुट्टी / सार्वजनिक छुट्टियों पर कोई लेनदेन अनुरोध प्राप्त होता है, तो उन्हें अगले कार्य दिवस को लागू किया जाएगा.

उपयोगकर्ता, किसी भी लेनदेन को प्रोसेस/ लागू नहीं करने के लिए बैंक को जिम्मेदार नहीं ठहराएगा, यदि बैंक को उसे लागू करने के अनुदेश प्राप्त नहीं होते, चाहे ग्राहक ने उसे अग्रेषित भी किया हो.

12. निधि अंतरण:
उपयोगकर्ता अपने खाते में पर्याप्त धन के बिना या कैश क्रेडिट/ ओवरड्राफ्ट के माध्यम से बैंक के साथ पहले से मौजूद व्यवस्था के बिना लेनदेन के लिए बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड का उपयोग नहीं करेगा या करने का प्रयास नहीं करेगा. बैंक बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड के माध्यम से प्राप्त ऐसे लेनदेन को लागू करने का प्रयास करेगा, बशर्ते उपयोगकर्ता के खाते में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध हो.

बैंक के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों की वजह से व्यापार वित्त लेनदेन में किसी चूक के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.

13. बैंक को प्राधिकार:
उपयोगकर्ता के खाते/तों में बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड लेनदेन की अनुमति केवल उपयोगकर्ता के यूज़र आईडी और पासवर्ड के प्रमाणीकरण के बाद दी जाती है. उपयोगकर्ता द्वारा बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड पोर्टल के माध्यम से किए गए बैंकिंग लेनदेन को निष्पादित करने के लिए उपयोगकर्ता बैंक को त्वरित प्राधिकार प्रदान करता है. यूज़र-आईडी और ट्रांजेक्शन पासवर्ड के सत्यापन के अलावा बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड पोर्टल के माध्यम से उपयोगकर्ता से प्राप्त किसी भी लेनदेन या बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड पोर्टल के माध्यम से उपयोगकर्ता द्वारा भेजे जाने के प्रयोजन की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के प्रति बैंक का कोई दायित्व नहीं होगा.

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा का अवैध या अनुचित उपयोग करने पर उपयोगकर्ता बैंक द्वारा तय किए गए वित्तीय प्रभार का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा या बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड के माध्यम से परिचालन को निलंबित कर दिया जाएगा.

14. जानकारी की सटीकता:
बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड आवेदन के माध्यम से या इलेक्ट्रॉनिक मेल या लिखित संप्रेषण जैसे किसी अन्य माध्यम से बैंक को प्रदान की गई जानकारी की शुद्धता के लिए उपयोगकर्ता जिम्मेदार होगा. उपयोगकर्ता द्वारा प्रदान की गई गलत जानकारी से उत्पन्न दुष्परिणाम के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा. उपयोगकर्ता आवधिक अंतराल पर अपने लेनदेन/ सूचना के स्थिति, विवरणों की शुद्धता की जांच करेगा और कोई भी विसंगति होने पर बैंक को सूचित करेगा. हालांकि, बैंक की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी.

15. उपयोगकर्ता की जबावदेही:
केवल उपयोगकर्ता बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड खातों में अनधिकृत लेनदेन से हुए किसी भी नुकसान के लिए जबावदेह होगा यदि उन्होंने शर्तों का उल्लंघन किया है या निम्नानुसार लापरवाही से कार्य करने के लिए योगदान दिया है या नुकसान का कारण बना है:

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड पासवर्ड का लिखित या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड रखना.

बैंक स्टाफ सहित अन्य किसी भी बैंक स्टाफ के समक्ष बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड पासवर्ड का प्रकटन या प्रकटीकरण को रोकने के लिए हरसंभव उचित प्रयास करने में विफल होना और/ या उचित समय के भीतर इस तरह के प्रकटीकरण के बैंक को सूचित करने में विफल होना.

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड खातों में अनधिकृत एक्सेस या गलत लेनदेन के बारे में उचित समय में बैंक को सूचना नहीं प्रदान करना.

बैंक को किसी भी परिस्थिति में उपयोगकर्ता द्वारा उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है यदि बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड में एक्सेस प्राकृतिक आपदा, बाढ़, आग और किसी प्रकार की अन्य प्राकृतिक आपदाओं, कानूनी प्रतिबंधों, दूरसंचार नेटवर्क में त्रुटि या इंटरनेट या नेटवर्क विफलता, पावर ब्रेकडाउन या यूपीएस ब्रेकडाउन, सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर विफलता और/ या त्रुटि या बैंक की सीमा से परे कोई अन्य कारण के साथ अन्य वांछित कारणों से उपलब्ध नहीं है. उपयोगकर्ता के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा खाता हैक करने के कारण होने वाली किसी भी हानि या क्षति के लिए बैंक किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किए गए 'साइबर संबंधी अपराध' की परिभाषाओं के अनुसार उपयुक्त है. बैंक इस प्रकार के किसी भी नुकसान के लिए किसी भी परिस्थिति में जबावदेह नहीं होगा, चाहे इस प्रकार का कोई भी नुकसान प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, परिणामी और राजस्व, निवेश, उत्पादन, गुडविल, लाभ, व्यापार में रुकावट पर आधारित कोई दावा हो या किसी भी स्वरूप या प्रकृति का कोई अन्य नुकसान और चाहे वह उपयोगकर्ता द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा वहन किया गया हो.

16. क्षतिपूर्ति:
बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा को उपलब्ध कराने के कारण या उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए किसी अनुदेश पर सदाशयता में कार्रवाई करने या कार्रवाई करने से मना करने या कार्रवाई न करने के कारणों के परिणामस्वरूप बैंक द्वारा किसी भी समय वहन या सहन की गई कार्रवाई, दावों, मांग, प्रोसिडिंग्स, हानि, क्षति, लागत, प्रभार और व्यय, जो भी हो, से होने वाले नुकसान के प्रति उपयोगकर्ता, बैंक को क्षतिपूर्ति करेगा

17. व्यक्तिगत सूचना का प्रकटीकरण
उपयोगकर्ता सहमत है कि बैंक बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सेवाओं से संबंधित उसकी व्यक्तिगत सूचना को सांख्यिकी विश्लेषण और क्रेडिट स्कोरिंग के लिए कंप्यूटर पर रख या प्रोसेस कर सकता है. उपयोगकर्ता इसपर भी सहमत है कि बैंक ऐसी व्यक्तिगत सूचनाओं को पूरी गोपनीयता के साथ अन्य संस्थानों को जैसा भी समावेशी कारणों से आवश्यक हो प्रकट कर सकता है लेकिन वह निम्नलिखित तक सीमित नहीं होगी:

- किसी भी दूरसंचार अथवा इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग वर्क में सहभागिता.

- विधिक निर्देशों के अनुपालन में
- धोखाधड़ी रोकने के उद्देश्य से

18. बैंक लियन

उपयोगकर्ता को प्रदान की गई और/ या उपयोगकर्ता द्वारा उपयोग की गई बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सेवाओं के परिणामस्वरूप उत्पन्न सभी बकाया देय राशियों की सीमा तक बैंक के उपयोगकर्ता के चाहे एकल नाम पर हो अथवा संयुक्त नाम (नामों) पर हो ऐसे सभी खातों में जमा राशि पर बैंक को समंजन एवं लियन का अधिकार होगा चाहे उस पर वर्तमान में या भविष्य में कोई अन्य लियन या प्रभार हो.

19. स्वामित्व अधिकार:

उपयोगकर्ता स्वीकार करता है कि बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सेवा में अंतर्निहित सॉफ्टवेयर के साथ-साथ अन्य इंटरनेट से संबंधित सॉफ्टवेयर, जो बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड ऐप्लीकेशन को एक्सेस करने के लिए आवश्यक हैं, संबंधित वेंडर की कानूनी संपत्ति है. बैंक द्वारा बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एप्लिकेशन को एक्सेस करने के लिए दी गई अनुमति उपरोक्त सॉफ्टवेयर में कोई भी स्वामित्व का अधिकार हस्तांतरित या प्रदान नहीं करेगी. उपयोगकर्ता किसी भी तरह से उक्त प्रोग्राम में परिवर्तन/छेड़छाड़ या प्रयोग करने की कोशिश नहीं करेगा. उपयोगकर्ता की ओर से हुए किसी भी उल्लंघन के लिए उपयुक्त कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और उपयोगकर्ता, बैंक द्वारा वहन की गई क्षति के लिए जवाबदेह होगा.

उपयोगकर्ता बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड में अंतर्निहित सॉफ्टवेयर को आशोधित, परिवर्तित, अलग, विघटित या रिवर्स करने का प्रयास नहीं करेगा या सॉफ्टवेयर के आधार पर कोई डेरिवेटिव उत्पाद नहीं सृजित करेगा.

20. नियमों एवं शर्तों में परिवर्तन:

बैंक के पास प्रत्येक उपयोगकर्ता को पूर्व सूचना दिए बिना किसी भी समय किसी भी नियम में संशोधन या जुड़ाव करने का पूर्ण अधिकार होगा. इसमें किए गए परिवर्तन बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे, ग्राहकों से अनुरोध है कि समय-समय पर इसे देखते रहें. इस सेवा के प्रस्तावित और मौजूदा उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे इस योजना के नियम और शर्तों का अच्छे से अध्ययन कर लें ताकि बैंक द्वारा समय-समय पर इसमें किए गए किसी भी बदलाव, आशोधन और/या संशोधनों को वे नोट कर सकें. बैंक समय-समय पर बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड में नई सेवाओं का शुभारंभ कर सकता है. बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड की ऐसी अन्य सेवाओं हेतु संशोधित/परिवर्तित नियम और शर्तो के साथ नई सुविधाओं की मौजूदगी और उपलब्धता को बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा. सेवाओं का उपयोग करना यह दर्शाता है कि उपयोगकर्ता लागू नियम और शर्तों से बाध्य होने के लिए सहमत है.

21. गैर-हस्तांतरणीयता:

उपयोगकर्ता को प्रदान की गई बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड की सुविधा किसी भी परिस्थिति में हस्तांतरणीय नहीं है और इसका उपयोग केवल उपयोगकर्ता द्वारा ही किया जाना चाहिए जो इसके सभी परिणामों के लिए जवाबदेह होगा.

22. बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड का निरस्तीकरण/समापन:

उपयोगकर्ता बैंक को उचित नोटिस देकर किसी भी समय बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा को निरस्त करने का अनुरोध कर सकता है. ऐसे अनुरोध को स्वीकार करने के बाद बैंक द्वारा सूचित किए गए अनुसार

बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट टेड सेवा को रद्द करने से पूर्व बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सेवा के माध्यम से अपने खातों में की गई किसी भी लेनदेन के लिए उपयोगकर्ता जवाबदेह होगा. बैंक कभी भी बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा हटा सकता है बशर्ते उपयोगकर्ता को उचित नोटिस दिया जाए. उपयोगकर्ता के सभी खातों को बंद किए जाने पर बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सेवा स्वत: समाप्त हो जाएगी. यदि उपयोगकर्ता ने इन नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया है या बैंक को उपयोगकर्ता की मृत्यु, दिवालियापन या कानूनी अक्षमता की सूचना मिलती है तो बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा को रोक सकता है या समाप्त कर सकता है.

23. नोटिस:

बैंक और उपयोगकर्ता इन नियमों और शर्तों के तहत नोटिस दे सकते हैं:

- इलेक्ट्रॉनिक रूप से किसी भी पार्टी के मेलबॉक्स में. इस तरह की नोटिस को लिखित रूप में माना जाएगा.
- उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए अंतिम पते पर लिखित नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से भेजी जा सकती है.

इसके अलावा, बैंक अपनी वेबसाइट पर सामान्य प्रकार की नोटिस भी प्रकाशित कर सकता है जो बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड के सभी उपयोगकर्ताओं के लिए लागू होगी. इस तरह के नोटिस का प्रभाव प्रत्येक उपयोगकर्ता को व्यक्तिगत रूप से दी गई नोटिस और/या प्रिंट मीडिया के समाचार पत्र में प्रकाशित नोटिस के समान ही होगा.

24. प्रबंध कानून:

नियम और शर्तें और/या बैंक द्वारा संचालित उपयोगकर्ता के खातों में परिचालन और/या बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड के माध्यम से प्रदान की गई सेवाओं का उपयोग भारत में प्रचलित उपयुक्त कानूनों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, अन्य किसी भी देश के कानून द्वारा नहीं. उपयोगकर्ता और बैंक इन नियमों और शर्तों के तहत किए जाने वाले किसी भी दावे या उत्पन्न मामले को मुंबई, भारत में स्थित न्यायालय के विशेष क्षेत्राधिकार में प्रस्तुत करने के लिए सहमत हैं.

उपयोगकर्ता और बैंक के बीच उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद या मतभेद को आपसी परामर्श/चर्चा द्वारा सुलझाया जाएगा और मामला न सुलझने पर उसे मध्यस्थता के लिए संदर्भित किया जाएगा. मध्यस्थता की कार्यवाही भारतीय मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के अनुसार संचालित की जाएगी और यह मुंबई में होगी.

भारतीय गणराज्य के अलावा किसी भी अन्य देश के कानूनों का गैर अनुपालन या उल्लंघन करने के लिए बैंक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, जो भी हो, कोई जवाबदेही स्वीकार नहीं करता है. केवल इस तथ्य कि इंटरनेट के माध्यम से उपयोगकर्ता द्वारा भारत के अलावा किसी अन्य देश में बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड एक्सेस किया जा सकता है, का अर्थ यह नहीं होगा कि संबंधित देश के कानून इन नियमों और शर्तों और/या उपयोगकर्ता के बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड खाते के परिचालन और/या बड़ौदाइंसटा स्मार्ट ट्रेड ऐप्लीकेशन के प्रयोग को नियंत्रित करेंगे. भारत के अलावा किसी भी अन्य स्थान से व्यक्ति द्वारा बड़ौदाइंस्टा स्मार्ट ट्रेड सुविधा का उपयोग करने से इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा और संबंधित उपयोगकर्ता को भारतीय गणराज्य के कानूनों से बाध्य माना जाएगा और यह केवल भारतीय न्यायालयों का क्षेत्राधिकार होगा.

25. सामान्य:

इस करार में शामिल खंड केवल सुविधा के लिए हैं और संबंधित खंड के अर्थ को प्रभावित नहीं करते हैं. उपयोगकर्ता इस करार को किसी और को नहीं समनुदेशित करेगा.